आकाशवाणी चंडीगढ़

23 नवंबर 2024, समय 1810

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ओ.पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में देश के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन किया।
  श्री बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सभी देशों के लिए मार्गदर्शक है।
- केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भारतीय संविधान को दुनिआ के सभी संविधानों से बेहतर और बेजोड़ बताया है।
- हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की और इसे सामाजिक आयोजन बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने की ज़रूरत पर बल दिया।
- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वंचित अनुसूचित जाति समाज के लोगों को न्याय देने का काम किया है।

**************************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सोनीपत की ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में देश के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन किया।इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि यह संग्रहालय आने वाली पीढ़ियों को संविधान के विभिन्न पहलुओं से परिचित करवाएगा। इस अवसर पर ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलाधिपति नवीन जिंदल, कुलपति, डॉ. सी. राज कुमार,सांसद संबित पात्रा और विधि और न्याय क्षेत्र के विद्वान भी मौजूद रहे।इस दौरान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।सम्मेलन को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य अतिथि और केन्द्रीय विधि एंव न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर संबोधित किया।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान दुनियां के सब देशों के लिए मार्गदर्शक है।भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली सबसे बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि भारत के विचार और संस्कार में लोकतंत्र रहा है।दुनियां को वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश भी भारत की ही देन है।

विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान की रचना की।जो दुनिया के सब संविधानों से बेहतर ओर बेजोड़ है।

बाबा साहब के अनुच्छेद 370 के विरोधी होने का जिक्र करते हुए श्री मेघवाल ने कहा -

उन्होंने कहा कि संविधान से भारत वासियों को समानता,समता और स्वतंत्रता मिली है।भारत का संविधान सबको एकता के सूत्र में जोड़ता है।

**************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज राजभवन में 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे।श्री दत्तात्रेय ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को सामाजिक आयोजन बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि दक्षिणी राज्यों को इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। महोत्सव में देश भर से प्रमुख आध्यात्मिक हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रख्यात धार्मिक हस्तियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करके इस आयोजन की पहुंच को और बढ़ाया जा सकता है।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की हस्तियों को सदस्य के रूप में नियुक्त करके कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संरचनात्मक दायरे को व्यापक बनाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ महिलाओं को भी बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया जाना चाहिए।

**************************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय देने का काम किया है। आज जींद में एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि --

श्री बेदी ने कहा कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण की मांग हरियाणा प्रदेश के गठन के समय से ही थी । पंजाब में इस मांग को वर्ष 1975 में मान लिया गया था। हरियाणा में इसे स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल ने माना लेकिन गत कांग्रेस सरकार के शासनकाल में एक व्यक्ति उच्च न्यायालय चला गया और उच्च न्यायालय के निर्णय पर पंजाब ने तो विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर इस बारे कानून बना दिया किंतु पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ऐसा साहस नहीं कर पाए और उन्होंने रोजगार के साथ-साथ शिक्षा संस्थानों में भी इसे समाप्त कर दिया ।

उन्होंने कहा कि अब उच्चतम न्यायालय ने इस पर ऐतिहासिक निर्णय दिया जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लागू कर वंचित अनुसूचित जाति समाज को न्याय देने का काम किया है।
श्री बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री कल जींद में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन में भी अनेक जनकल्याणकारी घोषणाएं करेगें। उन्होंने महाराष्ट्र के नतीजों पर

खुशी जाहिर की और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की जीत बताया।

*************************************************************************

55वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो प्रतियोगिता भारी उत्साह के साथ संपन्न हुई। 5 टीमों में बंटे 100 प्रतिभागियों को 48 घंटे में एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस वर्ष के इस प्रतियोगिता का विषय "प्रौद्योगिकी के युग में संबंध" रखा गया था। महोत्सव में प्रतिभागियों को फिल्म उद्योग के पेशेवरों से मिलकर समृद्ध अनुभव प्राप्त हुए।

*************************************************************************

चंडीगढ़ साहित्यक समिति द्वारा चंडीगढ़ लेक क्लब में आयोजित सी एल एफ लिटरेटी साहित्यक समारोह का शुभारंभ आज पंडित सुभाष घोष की संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ। आज राष्ट्रीय साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने उद्घाटन समारोह को संबोधित किया और इस समारोह को एक बेहतरीन पहल बताया।उद्घाटन समारोह को साहित्यक उत्सव की निदेशक डॉ सुमिता मिश्रा ने भी संबोधित किया।आज पहले दिन रत्न टाटा -ए लाइफ का विमोचन भी किया गया । यह पुस्तक डॉ थॉमस मैथ्यू नव ने लिखी है।

**********************************************************************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा पवेलियन में हथकरघा उद्योग के उत्पाद लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि हथकरघा उद्योग प्लास्टिक के बने उत्पादों के विकल्प उपलब्ध करा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हरियाणा पवेलियन की प्रिंट शॉपी की स्टॉल पर लोग प्लास्टिक की जगह हथकरघा उद्योग में बने आकर्षक बैग, बास्केट, स्लिंग पर्स, ज्वेलरी बाक्स, चपाती बाक्स, वॉल हैंगिंग, हैंड बैग पसंद कर रहे है।प्रिंट शॉपी स्टॉल के संचालक पानीपत निवासी दीपक कुमार ने कहा कि हाथकरघा उद्योग हर वर्ग को रोजगार उपलब्ध करवा रहा है। दीपक ने कहा कि उन्हें पांच साल पहले हथकरघा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद पानीपत में एक छोटी यूनिट लगाई। यूनिट चाहे छोटी थी लेकिन लक्ष्य बड़ा रखा था लेकिन अब उसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे है। उनकी यूनिट से 25 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

दीपक ने बताया कि उनके यहां 70 प्रतिशत काम हाथ से किया जाता है और 30 प्रतिशत काम मशीनों से होता है। जो हाथ से बुनाई कढ़ाई का कार्य है वह सभी महिलाएं ही करती हैं। इससे

आसपास की महिलाओं को रोजगार भी मिला है। उन्होंने कहा कि बड़े मेलों से उद्योग को बढ़ावा मिलता है।

*****************************************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने एक नशा तस्कर देव कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि आरोपी के घर से 15 किलोग्राम 580 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। देव कुमार, बल्लभगढ़ के गांव चंदौली का निवासी है। आरोपी यह गांजा दिल्ली के किसी व्यक्ति से खरीदकर लाया था।